ऑनलाइन काउंसिलिंग से होगी तकनीकी विवि में प्रवेश परीक्षा: कुलपति

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून के कैम्पस कॉलेजों, सरकारी/ स्वायत्तशासी एवं सम्बद्ध निजी इंजी. नियरिंग कॉलेजों के साथ ही गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कैम्पस, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी के लिए विश्वविद्यालय की और से सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न स्नातक के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से पूर्ण की जायेगी। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंक. ार सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की और से आज ही आनलाइन आवेदन की सुविधा छात्रों व उनके अभिभावकों के लिए प्रारम्भ की गई, जिसके माध्यम से कोई भी छात्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध

प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर सकते हैं आवेदन

टैब का उपयोग कर अपनी अब तक की शैक्षणिक यात्रा का लेखा-जोखा प्राप्त कर सकता है। इसे छात्र अपना रोल नम्बर व जन्म तिथि के माध्यम देख सकता है। कतिपय संस्थानों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क छात्रों से लिये जाने एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य पाठ्यक्रमों से इतर प्रवेश लिये जाने के पत्रकारों के सवालों के जवाब में कुलपति प्रो0 सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया कि प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र और उनके अभिभावक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार ही कार्यवाही करें। विश्व. विद्यालय वेबसाइट पर संस्थानों की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है। एक सवाल के जवाब में कहा कि अभी भी अधिकांश छात्र कम्प्यूटर साइंस के विषय में ही इंजीनियरिंग करना चाहते हैं।

विगत सत्र से अन्य पारम्परिक विषयों जैसे सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग आदि में मेजर के साथ कम्प्यूटर साइंस के विषयों में माइनर उपलब्ध कराये जाने से स्थिति बदल रही है और अब विश्वविद्यालय के पास बी.टेक के 200 (दो सौ) से अधिक मेजर व माइनर के कॉम्बिनेशन उपलब्ध हैं।